**NEWS CLIPPING: 27.07.2021**

## THE TRIBUNE




# AZADI KA AMRIT MAHOTSAV

**Faridabad:** The Vivekanand Manch of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, on the occasion of Kargil Vijay Diwas, on Monday organised an enlightening lecture session to commemorate the Azadi Ka Amrit Mahotsav, a year-long campaign which is being celebrated to mark the celebration of 75 years of Independence. The session was presided over by Prof Dinesh Kumar, Vice-Chancellor of the university. Nandakumar , national convener of Prajna Pravah ,threw light on Indian history and culture, freedom revolt, unsung warriors and importance of Sanskrit.

The Tribune Tue, 27 July 2021
https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 27.07.2021**

## THE PIONEER

# कारगिल विजय दिवस पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में व्याख्यान सत्र का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विवेकानंद मंच द्वारा कारगिल विजय दिवस एवं आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया।

व्याख्यान सत्र में प्रज्ञा प्रवाह जोकि भारतीय लोकाचार और परंपरा में निहित एक राष्ट्रव्यापी बौद्धिक आंदोलन है, के राष्ट्रीय संयोजक जे. नंदकुमार मुख्य वक्ता रहे तथा सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। आजादी का अमृत महोत्सव एक साल तक चलने वाला अभियान है जिसे आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। वर्ष 2022 तक एक नये आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ इस अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई है। व्याख्यान सत्र को संबोधित करते हुए नंदकुमार ने भारतीय इतिहास और संस्कृति, स्वतंत्रता आंदोलन, इस आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका और संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में कुशलवाल युवाओं की भूमिका की महत्वपूर्ण है। सत्र को संबोधित करते हुए प्रो दिनेश कुमार ने महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने महान भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस के संघर्ष तथा विज्ञान और राष्ट्र में उनके योगदान पर भी चर्चा की।

इससे पूर्व निदेशक युवा मामले डॉ. प्रदीप डिमरी ने आमंत्रित वक्ता एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। सत्र में डीन छात्र कल्याण प्रो. लखविंदर सिंह, वरिष्ठ संकाय सदस्य और विश्वविद्यालय और विभिन्न अन्य शैक्षणिक संस्थानों के छात्र भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING: 27.07.2021**

## PUNJAB KESARI

# कारगिल विजय दिवस पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया

**फरीदाबाद** ,राकेश देव (पंजाब केसरी): जे. सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विवेकानंद मंच द्वारा कारगिल विजय दिवस एवं आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। व्याख्यान सत्र में प्रज्ञा प्रवाह जोकि भारतीय लोकाचार और परंपरा में निहित एक राष्ट्रव्यापी बौद्धिक आंदोलन है, के राष्ट्रीय संयोजक श्री जे. नंदकुमार मुख्य वक्ता रहे तथा सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। आजादी का अमृत महोत्सव एक साल तक चलने वाला अभियान है जिसे आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। वर्ष 2022 तक एक नये आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ इस अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई है। व्याख्यान सत्र को संबोधित करते हुए श्री नंदकुमार ने भारतीय इतिहास और संस्कृति, स्वतंत्रता आंदोलन, इस आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका और संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में कुशलवाल युवाओं की भूमिका



कार्यक्रम के दौरान चर्चा करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं श्री जे. नंदकुमार।

### जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में व्याख्यान सत्र का आयोजन

की महत्वपूर्ण है।सत्र को संबोधित करते हुए प्रो दिनेश कुमार ने महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने महान भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस के संघर्ष तथा विज्ञान और राष्ट्र में उनके योगदान पर भी चर्चा की। इससे पूर्व निदेशक युवा मामले डॉ. प्रदीप डिमरी ने आमंत्रित वक्ता एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। सत्र में डीन छात्र कल्याण प्रो. लखविंदर सिंह, वरिष्ठ संकाय सदस्य और विश्वविद्यालय और विभिन्न अन्य शैक्षणिक संस्थानों के छात्र भी उपस्थित थे।

पंजाब केसरी Tue, 27 July 2021 mpaper.punjabkesari.com/c/6207

**NEWS CLIPPING: 27.07.2021**

## PUNJAB KESARI

# सप्ताहिक ऑनलाइन शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कोर्स का शुभारंभ

**■ बिग डाटा कंप्यूटिंग में उभरते अनुसंधान क्षेत्रों पर होगी चर्चा**

फरीदाबाद, 26 जुलाई (ब्यूरो): जे. सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बिग डाटा कंप्यूटिंग में उभरते अनुसंधान क्षेत्रों पर एक सप्ताह का शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कोर्स (एसटीटीपी) आज शुरू हो गया।

यह कार्यक्रम एआईसीटीई द्वारा प्रायोजित है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा और उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा। इस कोर्स में शोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों सहित लगभग देशभर से 150 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है।

उद्घाटन सत्र में आज राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रो. सुनील कुमार मुख्य अतिथि रहे तथा सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रौद्योगिकी में लगातार बदलते प्रतिमानों तथा तेजी से उभरते क्षेत्रों के दृष्टिगत ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों की अप-स्किलिंग और री-स्किलिंग के लिए जरूरी है ताकि वे तकनीकी शिक्षा और उद्योगों से जुड़े बदलावों को लेकर भविष्य के लिए खुद को तैयार कर सके।




*उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार तथा प्रो. सुनील कुमार।* *(छाया: एस शर्मा)*

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. कोमल कुमार भाटिया तथा लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे।

सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. सुनील कुमार ने उभरती नई तकनीकों के महत्व और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, और बताया कि कैसे यह हमारी आजीविका और उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

इससे पहले कम्प्यूटर इंजीनियरिंग की चेयरपर्सन प्रो. कोमल कुमार भाटिया ने अतिथि और प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षण शिक्षण में बिग डेटा के महत्व पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड के डेटा वैज्ञानिक मोहित कुमार ने बिग डेटा एनालिटिक्स विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 27.07.2021**

**MOTHERLAND**

# सप्ताहिक ऑनलाइन शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कोर्स का शुभारंभ

» अनूप चौधरी, मदरलैंड संवाददाता

- बिग डाटा कंप्यूटिंग में उभरते अनुसंधान क्षेत्रों पर होगी चर्चा

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बिग डाटा कंप्यूटिंग में उभरते अनुसंधान क्षेत्रों पर एक सप्ताह का शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कोर्स (एसटीटीपी) आज शुरू हो गया। यह कार्यक्रम एआईसीटीई द्वारा प्रायोजित है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा और उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा। इस कोर्स में शोधकताओं, संकाय सदस्यों सहित लगभग देशभर से 150 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है।

उद्घाटन सत्र में आज राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रो. सुनील कुमार मुख्य अतिथि रहे तथा सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रौद्योगिकी में लगातार बदलते प्रतिमानों तथा तेजी से उभरते क्षेत्रों के दृष्टिगत ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों की अप-स्किलिंग और री-स्किलिंग के लिए जरूरी है ताकि वे तकनीकी शिक्षा और उद्योगों से जुड़े बदलावों को लेकर भविष्य के लिए खुद को तैयार कर सके। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. कोमल कुमार भाटिया तथा लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे। सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. सुनील कुमार ने उभरती नई तकनीकों के महत्व और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, और बताया कि कैसे यह हमारी आजीविका और उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। इससे पहले कम्प्यूटर इंजीनियरिंग की चेयरपर्सन प्रो. कोमल कुमार भाटिया ने अतिथि और प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षण शिक्षण में बिग डेटा के महत्व पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड के डेटा वैज्ञानिक मोहित कुमार ने बिग डेटा एनालिटिक्स विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। तीसरे एवं अंतिम सत्र में मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज की डॉ. रश्मि अग्रवाल ने नॉन-रिलेशनल डेटाबेस तथा डॉक्यूमेंट्स को बिग डेटा में स्टोर करने के विषय पर संबोधित किया। सत्र के अंत में प्रो. अतुल मिश्रा ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि कोर्स के दौरान कुल छह सत्र आयोजित किये जायेंगे।



उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार तथा प्रो. सुनील कुमार

**NEWS CLIPPING: 27.07.2021**

**SATYAJAY TIMES**

# सप्ताहिक ऑनलाइन शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कोर्स का शुभारंभ

**फरीदाबाद, 26 जुलाई, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** जे. सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बिग डाटा कंप्यूटिंग में उभरते अनुसंधान क्षेत्रों पर एक सप्ताह का शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कोर्स (एसटीटीपी) आज शुरू हो गया। यह कार्यक्रम एआईसीटीई द्वारा प्रायोजित है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा और उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा। इस कोर्स में शोधकताओं, संकाय सदस्यों सहित लगभग देशभर से 150 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। उद्घाटन सत्र में आज राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रो. सुनील कुमार मुख्य अतिथि रहे तथा सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रौद्योगिकी में लगातार बदलते प्रतिमानों तथा तेजी से उभरते क्षेत्रों के द्दष्टिगत ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों की अप-स्किलिंग और री-स्किलिंग के लिए जरूरी है ताकि वे तकनीकी शिक्षा और उद्योगों से जुड़े बदलावों को लेकर भविष्य के लिए खुद को तैयार कर सके। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. कोमल कुमार भाटिया तथा लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे। सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. सुनील कुमार ने उभरती नई तकनीकों के महत्व और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, और बताया कि कैसे यह हमारी आजीविका और उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। इससे पहले कम्प्यूटर इंजीनियरिंग की चेयरपर्सन प्रो. कोमल कुमार भाटिया ने अतिथि और प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षण शिक्षण में बिग डेटा के महत्व पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड के डेटा वैज्ञानिक मोहित कुमार ने बिग डेटा एनालिटिक्स विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 27.07.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# यूनिवर्सिटी में शुरू हुआ शॉर्ट टर्म कोर्स

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की ओर से बिग डेटा कंप्यूटिंग में उभरते अनुसंधान क्षेत्रों पर एक सप्ताह का शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कोर्स सोमवार से शुरू किया गया है। इसका संचालन शिक्षा व उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों की ओर से किया जाएगा। इस कोर्स में लगभग 150 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी भोपाल के कुलपति प्रफेसर सुनील कुमार मुख्य अतिथि रहे, जबकि सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने की।

**NEWS CLIPPING: 27.07.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# विजय दिवस पर कार्यक्रम हुआ

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के विवेकानंद मंच की ओर से करगिल विजय दिवस व आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस मौके पर जे. नंदकुमार, कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने महोत्सव के बारे में ज़ानकारी दी। जे. नंदकुमार ने भारतीय इतिहास व संस्कृति, स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका व संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रफेसर दिनेश कुमार ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर डॉ. प्रदीप डिमरी, प्रफेसर लखविंदर सिंह व छात्र मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 27.07.2021**

**DAINIK BHASKAR**

# वाईएमसीए में कारगिल विजय दिवस पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया

**फरीदाबाद** | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय(वाईएमसीए) में कारगिल विजय दिवस एवं आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। इसमें प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय संयोजक जे नंदकुमार मुख्य वक्ता थे। जबकि सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। आजादी का अमृत महोत्सव एक साल तक चलने वाला अभियान है। जिसे आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। व्याख्यान सत्र को संबोधित करते हुए नंदकुमार ने भारतीय इतिहास और संस्कृति, स्वतंत्रता आंदोलन, इस आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका और संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

**NEWS CLIPPING: 27.07.2021**

**AMAR UJALA**

# राष्ट्र निर्माण में कुशल युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के विवेकानंद मंच की ओर से कारगिल विजय दिवस और आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय संयोजक जे नंदकुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में कुशल युवाओं की भूमिका की महत्वपूर्ण है। आजादी का अमृत महोत्सव एक साल तक चलने वाला अभियान है। ब्यूरो